निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारा देश महान है । यहां हर महीने, हर दिन पर्व मनाए जाते हैं । त्योहारों को मनाने के लिए व्यक्ति एक दूसरे के पास आते हैं, जिससे उनमें आपसी संबंध मजबूत होते हैं । इस प्रकार त्यौहार संसार को एक सूत्र में बांधते हैं । प्रत्येक त्यौहार अपने साथ खुशियां और उल्लास लेकर आता है और उन्हें चारों और बिखेर देता है ,जिससे मनुष्य अपने दुखों को भूल कर उन में लीन हो जाता है । पर्व हमें हमारे पूर्वजों के आदर्शों को याद दिलाते हैं । इससे हमें उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है। पर्वों को मनाने का सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इनसे हमारा मनोरंजन भी होता है ।

1. आपसी संबंध कैसे मजबूत होते हैं?

A मदद करने से

B झगड़ा करने से

C एक दूसरे के पास आने जाने से

D अकेले रहने से

2. एक सूत्र में बांधने का काम कौन करता है?

A मनोरंजन

B खेलकूद

C त्यौहार

D शादी

3. त्यौहार अपने साथ क्या लेकर आता है?

A दुख

B परेशानी

C खुशियां

D उदासी

4. मनुष्य अपने दुखों को कैसे भूल सकता है?

A पुस्तक पढ़कर

B घूम फिर कर

C सोकर

D त्यौहार मना कर

5. किन के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है?

A गांधी जी के

B महापुरुषों के

C मुनी ऋषि यों के

D पूर्वजों के आदर्शों से

LIVEWORKSHEETS